विविध

# निर्णय वइजलास श्री रामसिंह गुर्जर आर.ए.एस.
# उपखण्ड अधिकारी छबडा जिला बारां द्वारा अध्यासित

प्रकरण संख्या 44 / 2025
दायरा दिनांकः—04.06.2025
निर्णय दिनांकः— 4.11.25

## उनवान

1. सुरेश आयु 45 वर्ष पुत्र प्रेमलाल
2. बृजमोहन आयु 40 वर्ष पुत्र प्रेमलाल
3. राजकुमारी आयु 42 वर्ष पुत्री प्रेमलाल
4. रूकमणी आयु 35 वर्ष पुत्री प्रेमलाल
5. कंचन बाई आयु 60 वर्ष पुत्री प्रेमलाल समस्त जाति किराड निवासीगण ग्राम रूपारेल तहसील छबडा जिला बारां (राज0)

बनाम

1. राजस्थान सरकार जर्ये तहसीलदार तहसील छबड़ा जिला बारां

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136,एल0 आर एक्ट

निर्णय दिनांकः— 4.11.25

अभिभाषक उपस्थितः—1. श्री देवेन्द्र कुमार मेहता – प्रार्थी

अभिभाषक प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र अन्तर्गत 136,एल0 आर एक्ट विरूद्ध अप्रार्थीगण के न्यायालय में इस आशय का पेश किया गया कि प्रार्थीगण काश्तकार है, एंव प्रार्थीगण के पिता / पति प्रेमलाल पुत्र मिश्री लाल जाति किराड निवासी ग्राम रूपारेल तहसील छबड़ा जिला बारा राजस्थान का स्वर्गवास दिनांक 09 / 04 / 2025 को हो चुकी है। जिनके प्रार्थीगण एक मात्र वारिसान कायममुकामान है। स्वर्गीय प्रेमलाल को अलग अलग बोलता नाम प्रेमनारायण व प्रेम से जाना जाता था ओर उक्त नाम का एक ही व्यक्ति है। स्वर्गीय प्रेम लाल पुत्र मिश्री लाल जाति किराड निवासी ग्राम रूपारेल की कृषि भूमि ग्राम रूपारेल पटवार हल्का भूलोन तहसील छबड़ा में खाता संख्या नया 45 पुराना 44 खसरा नंबर 141 रकबा 0.0506 खसरा नंबर 51 / 1 रकबा 0.09738 खसरा नंबर 6 रकबा 0.0379 खसरा नंबर 7 / 1 रकबा 1.7831 खसरा नंबर 71 / 2 रकबा 0.7714 खसरा नंबर 97 / 1 रकबा 0.0632 खसरा नंबर 99 / 1 रकबा 0.1012 कुल खसरा 7 कुल रकबा 3.7812 है। जिसमे प्रार्थीगण के पिता व खातेदार का नाम प्रेमनारायण पुत्र मिश्रीलाल जाति किराड़ हिस्सा पूर्ण साकिन रूपारेल दर्ज जमाबंदी है। इसी प्रकार ग्राम जैपला पटवार हल्का जैपला मे खाता संख्या-नया 141 पुराना 139 खसरा नंबर 306 / 1 रकबा 1.6314 कुल खसरा 1 कुल रकबा 1. 6364 है। जिसमे प्रार्थीगण के पिता व खातेदार का नाम प्रेम पुत्र

450 उपखण्ड अधिकारी
छबड़ा (बारां)

मिश्रीलाल जाति किराड़ हिस्सा पूर्ण साकिन रूपारेल दर्ज जमाबंदी है। उक्त आराजीयात पर प्रार्थीगण काबिज काश्त है और इससें पूर्व प्रार्थीगण के पिता / पति खातेदार प्रेम लाल पुत्र मिश्रीलाल जाति किराड़ निवासी रूपारेल काबिज काश्त रहे है। उक्त आराजी में बतौर काश्तकार के नाम इन्तकाल मे दर्ज करते समय सहवन से ग्राम रूपारेल तहसील छबड़ा की खाता संख्या नया 45 पुराना 44 की जमाबदी में प्रार्थीगण के पिता / पति खातेदार का अशुद्ध बोलता नाम प्रेमनारायण सहवन से दर्ज हो गया है, उक्त नाम दुरूस्त कराना अति आवश्यक है सही व वास्तविक नाम प्रेमलाल पुत्र मिश्रीलाल दर्ज कराना अति आवश्यक है। उक्त आराजी में बतौर काश्तकार के नाम इन्तकाल मे दर्ज करते समय सहवन से ग्राम जैपला तहसील छबड़ा की खाता संख्या नया 2141 पुराना 139 की जमाबदी में प्रार्थीगण के पिता/पति खातेदार का अशुद्ध बोलता नाम प्रेम सहवन से दर्ज हो गया है, उक्त नाम दुरूस्त कराना अति आवश्यक है, सही व वास्तविक नाम प्रेमलाल पुत्र मिश्रीलाल दर्ज कराना अति आवश्यक है। प्रार्थना पत्र प्रस्तुति का कारण दिनांक 21/05/2025 को उत्पन्न हुआ प्रार्थीगण अपने पिता/पति खातेदार प्रेमलाल पुत्र मिश्रीलाल का मृत्यु प्रमाण के आधार पर वारिस शपथ पत्र के आधार पर प्रेमलाल पुत्र मिश्रीलाल जाति किराड़ निवासी रूपारेल तहसील छबड़ा की उपरोक्त वर्णित आराजी का इन्तकाल वारिसान के नाम खुलवाने के लिए गयें ता राजस्व कर्मचारीयों ने स्वर्गीय प्रेमलाल के नाम अशुद्वी होने के कारण इंतकाल खोलने से स्पष्ट मना कर दिया। प्रार्थना पत्र के साथ प्रार्थीगण अपने पिता/पति खातेदार स्वर्गीय प्रेमलाल पुत्र मिश्रीलाल के आधार कार्ड, जनआधार व राशनकार्ड व प्रमाण पत्र व बैंक डायरी व अन्य दस्तावेज भी प्रार्थना पत्र के साथ सलग्न है। प्रार्थीगण अपने पिता / पति खातेदार स्वर्गीय प्रेमलाल पुत्र मिश्रीलाल का राजस्व रेकार्ड में उक्त सही व वास्तविक नाम दर्ज करा कर अपने नाम इन्तकाल दर्ज कराने के वैधानिक अधिकारी है।

प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थी पैरोकार सरकार को जर्ये सम्मन तलब किया गया अप्रार्थी पैरोकार सरकार की ओर से रिपोर्ट/जवाब पेश हुआ। प्रार्थीगण ने अपने पक्ष के समर्थन में नकल जमाबन्दी ग्राम रूपारेल सम्वत् 2075–78 खाता संख्या 45 नकल जमाबन्दी ग्राम जैपला सम्वत् 2075–78 खाता संख्या 141 नकल जमाबन्दी ग्राम भूलोन सम्वत् 2074–77 खाता संख्या 96 पेश की की गई। फोटो प्रति मृत्यु प्रमाण पत्र, पहचान पत्र, आधार कार्ड, परिवार राशन कार्ड, सरपंच ग्राम पंचायत भूलोन का प्रमाण पत्र आधार कार्ड सुरेश कुमार आधार कार्ड, बृजमोहन, आधार कार्ड कंचन बाई, आधार कार्ड, राजकुमारी आधार कार्ड, रूकमणी पेश किये गयें।

बहस अभिभाषक प्रार्थीगण सुनी गई। बहस के दौरान अभिभाषक प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यो को दौहराया गया। अभिभाषक प्रार्थी का कथन है कि विवादित आराजी वाके रूपारेल तहसील छबडा में स्थित है। प्राथीगण के पिता का स्वर्गवास दिनांक 09.04.2025 को हो चुका है प्रार्थीगण के मृतक पिता को अलग–अलग नामों से जाना जाता था। प्रेमलाल को प्रेमनारायण प्रेम नाम से भी जाना जाता था प्रार्थीगण के पिता मृतक प्रेमलाल का राजस्व रिकार्ड जमाबन्दी में प्रेमनारायण व प्रेम सहवन से दर्ज हो गया है। जिसे राजस्व रिकार्ड में दुरूस्त किया जाना आवश्यक है प्रार्थीगण के अन्य सभी दस्तावेजात में पिता का नाम प्रेमलाल है परन्तु राजस्व रिकार्ड में प्रेमनारायण व

उपखण्ड अधिकारी
छबड़ा (बारां)

प्रेम दर्ज हो गया है। प्रार्थीगण अपने पिता प्रेमलाल का नाम राजस्व रिकार्ड में प्रेमनारायण व प्रेम के स्थान पर प्रेमलाल दर्ज करवाने के अधिकारी है खातेदार प्रेमलाल की मृत्यु दिनांक 06.05.205 को हो चुकी है राजस्व रिकार्ड में मृतक खातेदार का नाम गलत दर्ज होने से फोती नामान्तरण नही खुल पा रहा है प्रार्थीगण के पिता का नाम प्रेमनारायण व प्रेम पुत्र मिश्रीलाल के स्थान पर प्रेमलाल दर्ज किया जावें।

इस सम्बन्ध में तहसीलदार छबडा से रिपोर्ट ली गई। तहसीलदार छबडा ने रिपोर्ट में बताया कि ग्राम भूलोन की वर्तमान जमाबन्दी खाता संख्या 96 में प्रेमपारायण पुत्र मिसरया जाति किराड दर्ज है तथा ग्राम रूपारेल की जमाबन्दी खाता संख्या 45 में प्रेमनारायण पुत्र मिश्रीलाल जाति किराड दर्ज है जो कि ग्राम भूलोन में नामान्तरण संख्या 613 दिनांक 05.09.2011 से जर्ये विरासत दर्ज हुआ तथा ग्राम रूपारेल में नामान्तरण संख्या 194 दिनांक 06.01.2001 से जर्ये विरासत दर्ज हुआ जो कि आदिनांक तक चला आ रहा है प्रेमनारायण के आधार कार्ड व वोटर आई डी में प्रेमनारायण पुत्र मिश्रीलाल दर्ज है तथा गांव में भी इसी नाम से जाना जाता है मौके पर उपस्थित ग्राम वासियान ने बताया कि प्रेमलाल पुत्र मिश्रीलाल व प्रेमनारायण पुत्र मिश्रीलाल दो अलग–अलग व्यक्ति ना होकर दोनो एक ही व्यक्ति है प्रेमनारायण पुत्र मिश्रीलाल के स्थान पर प्रेमलाल पुत्र मिश्रीलाल दर्ज करने की अनुशंषा की है।

बहस अभिभाषक प्रार्थीगण सुनी गई। पत्रावली एवं रिकार्ड का अवलोकन किया गया। प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत नकल जमाबन्दी ग्राम रूपारेल सम्वत् 2075–78 खाता संख्या 45 में प्रेमनारायण पुत्र मिश्रीलाल तथा ग्राम जैपला की जमाबन्दी सम्वत् 2074–77 खाता संख्या 141 में प्रेम पुत्र मिश्रीलाल ग्राम भूलोन की जमाबन्दी सम्वत् 2074–77 खाता संख्या 96 में प्रेमनारायण पुत्र मिसरया जाति किराड दर्ज है प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज पहचान पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, परिवार राशन कार्ड, एवं ग्राम पंचायत भूलोन द्वारा जारी प्रमाण पत्र में प्रेमलाल पुत्र मिश्रीलाल दर्ज है प्रार्थीगण के आधार कार्ड में पिता का नाम प्रेमलालदर्ज है इससे सह साबित होता है कि प्रार्थी के पिता का सही नाम प्रेमलाल पुत्र मिश्रीलाल है प्रार्थीगण अपने पिता का नाम राजस्व रिकार्ड में सही नाम प्रेमलाल पुत्र मिश्रीलाल दर्ज कराना चाहतें है तहसीलदार छबडा ने भी अपनी रिपोर्ट में प्रार्थीगण के पिता का सही नाम प्रेमलाल होने की अनुशंषा की है। तहसीलदार छबडा की रिपोर्ट एवं प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना न्यायोचित है।

**:: क्रियात्मक आदेश ::**

उपरोक्त विवेचनानुसार प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है विवादित आराजी वाके ग्राम रूपारेल खाता संख्या 45 ग्राम जैपला खाता संख्या 141 ग्राम भूलोन खाता संख्या 96 दर्ज प्रेमनारायण प्रेम पुत्र मिश्रीलाल मिसरया के स्थान पर प्रेमलाल पुत्र मिश्रीलाल दर्ज करने के आदेश तहसीलदार छबडा को दिये जातें है।

निर्णय लिखाया जाकर सरे इजलास सुनाया गया।

(रामसिंह गुर्जर)
उपखण्ड अधिकारी
आर.ए.एस.
छबडा (बारां)
उपखण्ड अधिकारी, छबडा